कार्यालय उपजिलाधिकारी, फतेहपुर, जनपद बाराबंकी।

संख्या1064/एस0टी0-विविध

दिनॉक [illegible].2017

अपर जिलाधिकारी,
बाराबंकी।

महोदय,

कृपया डा0 प्रदीप कुमार, महासचिव, इन्स्टीट्यूट आफ इन्वायरमेन्ट एण्ड मैनेजमेन्ट, कुर्सी रोड, पोस्ट अनवारी, जनपद बाराबंकी के पत्र संख्या 12501, दिनॉक 17.12.2016 जो आपके पार्ष्वांकन दिनॉक 22.12.2016 के माध्यम से प्राप्त हुआ है, का सन्दर्भ ग्रहण करनें का कष्ट करें। उक्त पत्र में प्रारुप-4 के अनुसार सार्टिफिकेट जारी करनें का अनुरोध किया गया है।

प्रकरण जॉच के निर्देश के साथ तहसीलदार फतेहपुर को भेजा गया। तहसीलदार फतेहपुर की आख्या दिनॉक 03.05.2017 एवं 24.5.2017 के अनुसार ग्राम गुग्गौर की गाटा संख्या 359/0.562है0 व 359/2/0.567है0 का मालिक व हकदार इन्स्टीट्यूट आफ इनवायरमेन्ट आफ मैनेजमेन्ट, ग्राम गुग्गौर परगना कुर्सी तहसील फतेहपुर बाराबंकी है। उपरोक्त भूमि हर प्रकार से पाक व साफ है तथा इस भूमि के सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई भी वाद किसी न्यायालय पर नहीं चल रहा है। तहसीलदार फतेहपुर ने अपनी आख्या 24.05.17 में यह भी उल्लिखित किया है कि प्रारुप-4 में उद्घोषित होने वाले तथ्यों का सम्बन्ध प्रश्नगत आराजी से है जिसके सम्बन्ध में इस स्तर से कोई प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा सकता है।

अतः तहसीलदार फतेहपुर की आख्या दिनॉक 03.05.2017 एवं 24.05.2017 संस्तुति सहित मूल पत्रादि संलग्न करके अवलोकनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु महोदय की सेवा में प्रेषित है।

संलग्नक-उक्तानुसार।

उपजिलाधिकारी,
फतेहपुर-बाराबंकी।